भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 26.03.2025

## आरेडिका में महाप्रबंधक ने किया चिल्ड्रेन फुटबॉल ग्राउण्ड का उद्घाटन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में दिनांक 25.03.2025 को महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा ने टाइप–2 एवं टाइप–3 कॉलोनी के मध्य स्थित 161 **X** 62 मी0 के चिल्ड्रेन फुटबाल ग्राउण्ड का उद्घाटन आरेडिका के उच्च अधिकारियों एवं कॉलोनीवासियों के साथ किया। महाप्रबंधक एवं उच्चाधिकारियों ने खिलाड़ी बच्चों के साथ बातचीत की एवं फुटबॉल खेल कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

महाप्रबंधक ने बच्चों से वार्तालाप के दौरान कहा कि यह फुटबाल ग्राउण्ड आपके लिए बनाया है आप लोग इस का उपयोग कीजिए। इससे आपके मन में खेल भावना का विकास होगा तथा यह मैदान खेलों के प्रति रुचि पैदा कर शारीरिक एवं मानसिक रुप से स्वस्थ्य बनाने में मदद करेगा। इस ग्राउण्ड का उपयोग कॉलोनी के लोग सुबह टहलने एवं सामाजिक सांस्कृतिक कार्यों के लिए भी कर सकते हैं।

पार्क को हरा–भरा बनाने के लिए अशोक, बरगद, आदि के लगभग 151 पौधों का रोपण कार्य भी किया गया। पार्क में हरियाली के विकास हेतु जलप्रबंधन की उचित व्यवस्था की गई है। महाप्रबंधक महोदय ने सिविल इंजीनीरिंग विभाग को इस कार्य हेतु नगद पुरस्कार प्रदान करने के लिए आदेशित किया।

इस अवसर पर आरेडिका सिविल इंजीनीरिंग विभाग के प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव, खेलकूद संघ के अध्यक्ष तथा प्रधान वित सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्रा, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधि सहित उच्चाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

26/3/2025

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी